भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3841**

06 अप्रैल, 2022 को उत्तरार्थ

**विषय:देश में सहकारी भंडार गृह खोले जाना**

3841. श्री संभाजी छत्रपति:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु में भारतीय औषधियों और खादी उत्पादों के लिए सहकारी भंडार गृह खोले जाने की सरकार की पहल का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने ग्राम स्तर पर लोगों को बाजार मूल्य से कम मूल्य पर भारतीय औषधियों, वस्त्र और परिधान, हस्तशिल्प, खाद्यान्न, खाद्द तेल, दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुओं इत्यादि की बिक्री के लिए सरकारी भंडार गृह खोले जाने पर विचार किया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क): सहकारिता मंत्रालय में तमिलनाडु सरकार से इस विषय पर ऐसी कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। एक राज्य के भीतर काम करने वाली सहकारी समितियों को उनके संबंधित राज्य सहकारी कानूनों/नियमों और उनके उप-नियमों के तहत शासित और प्रशासित किया जाता है।

(ख) एवं (ग): अभी मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****